# चुनाव प्रचार के बीच फल बिक्रेता मोहिनी से पीएम मोदी ने की मुलाकात



नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के कर्नाटक दौरे पर हैं। जहां वह लोकसभा चुनाव प्रचार के मद्देनजर लगातार रैलियां कर रहे हैं। इसी बीच पीएम मोदी की बेहद खास फोटो सामने आई है। दरअसल, कर्नाटक के सिरसी में उन्होंने अकोला की फल विक्रेता मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने उनका हौसला बढ़ाया और उनके काम की तारीफ भी की। पीएम मोदी कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी में रविवार को एक रैली करने पहुंचे थे। इसी दौरान हेलीपैड पर पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले फल विक्रेता मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। इसकी तस्वीर भी सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। मोहिनी गौड़ा अकोला की एक फल विक्रेता हैं और वह अकोला बस स्टैंड पर पत्तों में लपेटे हुए फल बेचती हैं। उनकी एक अनोखी विशेषता है कि जब कुछ लोग फल खाकर पत्ते जमीन पर फेंक देते हैं, तो वह उन पत्ते को उठाकर कूड़ेदान में डाल देती हैं। स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने वाले लोगों के लिए इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है कि पीएम मोदी ऐसे हर एक व्यक्ति को याद रखते हैं जो उनके इस अभियान में प्रेरक शक्ति के रूप में काम करते हैं। बता दें कि कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। बची हुई 14 सीटों पर 7 मई को तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने लगाई फांसी

कोटा : पिछले एक साल से कोटा में रहकर नीट एग्जाम की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पांच मई को उसका एग्जाम था। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है। छात्र के चाचा का कहना है कि उनका भतीजा ऐसा कदम नहीं उठा सकता। वह मानसिक रूप से स्वस्थ था और हर प्रकार के दबाव का सामना करने के लिए भी तैयार था। मृतक छात्र की पहचान सुमित के रूप में हुई है। वह हरियाणा के रोहतक जिले का रहने वाला था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पढ़ाई के दबाव में आकर छात्र ने यह कदम उठाया। परिजनों ने छात्र का पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराए जाने की मांग की है, ताकि असली वजह सामने आ सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें, इससे पहले भी कोटा में रहकर एग्जाम की तैयारी कर रहे कई छात्र मौत को गले लगा चुके हैं।

## आईएएस अनिल टुटेजा को ईडी ने ६ दिन की रिमांड में फिर लिया



रायपुर। शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की रिमांड 6 दिन के लिए और बढ़ा दी गई है. इडी को 6 दिन की रिमांड मिली है. 4 मई को ईडी टुटेजा को फिर कोर्ट में पेश करेगी. बता दें कि खत्म होने पर ईडी ने टुटेजा को आज विशेष कोर्ट में पेश किया. ईडी ने अनिल टुटेजा का छह दिन का रिमांड मांगा. टुटेजा के वकील ने बताया कि अनावश्यक रूप से रिमांड मांगी जा रही है. बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि शराब स्कैम से संबंधित कुछ भी पूछताछ नहीं हुई. दिनभर में एकात घंटे ही पूछताछ हुई है. दोनों पक्षों को सुनने के लिए न्यायालय ने टुटेजा को 6 दिन के लिए फिर ईडी को सौंपा है.

# मोबाइल झपटा और चलती ट्रेन से कूदा चोर, टूटा पैर



दुर्ग। चलती ट्रेन से मोबाइल चोरी करना एक युवक को महंगा पड़ गया. दरअसल आज दुर्ग से रायपुर जाने वाली लोकल ट्रेन में मोबाइल चोरी कर चलती ट्रेन से युवक कूद गया. चलती ट्रेन से कूदने के चलते युवक घायल हो गया. जीआरपी और 112 की मदद से घायल युवक को दुर्ग जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. तेजी से जमीन पर गिरने से युवक का पैर फैक्चर हुआ है. बताया जा रहा कि आरोपी युवक ने एक यात्री से फोन पर अपने रिश्तेदार से बात करने के लिए मोबाइल मांगा, लेकिन युवक बात करने के बहाने चलती ट्रेन से मोबाइल लेकर कूद गया, जिससे वह घायल हो गया. इसके बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग के माध्यम से ट्रेन रोका. जीआरपी और 112 की मदद से घायल युवक को दुर्ग जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा.

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज करेंगे तीन जिलों का दौरा



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल 3 जिलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का चुनावी अभियान जोर–शोर से जारी है। भरी गर्मी में मुख्यमंत्री रोजाना 3–3 जनसभाएं कर रहे हैं, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान की बात कर रहे हैं। सरगुजा के बलरामपुर, कोरबा के करतला और मुंगेली के रोहरा में आए जनकुम्भ के बीच कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस द्वारा गृह मंत्री अमित शाह की वीडियो को तोड़–मरोड़ कर पेश किये जाने पर श्री साय कांग्रेस पार्टी पर जम कर भड़के। उन्होंने कांग्रेस को मुद्दाविहीन बताते हुए तरह–तरह के भ्रम फैलाने की बात कही और उसे बहुत बड़ी षड़यंत्रकारी पार्टी बताया। सरगुजा के अंतिम छोर बलरामपुर में सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में पहले से ही हार की हताशा साफ दिख रही है। इसलिए हमारे बड़े–बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, उनकी वीडियो को एडिट कर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा दिए गए लाठी से सर फोड़ने वाले बयान, कवासी लखमा द्वारा मोदी मर जाए वाले बयान की निंदा की। जनता से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव में भी बिगड़े बोल वाले कांग्रेस नेताओं और उसकी पार्टी को सबक सिखाना है, करारा जवाब देना है। कांग्रेस को खाता खोलने भी नहीं देना है। अपने भाषण में मुख्यमंत्री ज्यादातर कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में हुए शराब घोटाले, डीएमएफ घोटाले, रेत घोटाले, कोयला घोटाले, जमीन घोटाले की परत दर परत उधेड़ दी। उनके टारगेट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी रहे। श्री साय ने उसे प्रदेश के युवाओं का भविष्य खराब करने वाला बताया। सीएम साय ने सरगुजा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछले चुनाव में संभाग की सभी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और भाजपा को सत्ता में बैठाया। जिससे खुश होकर मोदी जी ने सरगुजा संभाग के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया। उन्होंने जनता से लोकसभा चुनाव के लिए भी आशीर्वाद माँगा।

# बिहार में जाति की राजनीति खत्म करने के लिए मोदी सरकार जरूरी : अमित शाह



पटना : केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह आज बिहार में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। झंझारपुर में जनसभा को करते हुए उन्होंने सीता माता की धरती से श्रीराम के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि हमारे कर्पूरी ठाकुर जी यहीं से (फुलपरास विधानसभा) विधायक बनकर जाते थे। इतने वर्षों तक कांग्रेस एंड कंपनी ने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मानित किया।

शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने गरीब के घर से आकर बिहार के गरीब, दलित और पिछड़ों की आवाज बुलंद की और श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी गरीब चाय बेचने वाले के घर में जन्म लेकर पूरे देश भी में गरीबों के कल्याण का यज्ञ शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी, देशभर के गरीब, पिछड़े, आदिवासी, दलित, वंचित के कल्याण के लिए काम करने वाले नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है– बिहार से जातिवाद को समाप्त कर देना। देश से और बिहार से भ्रष्टाचार को समाप्त कर देना।

अमित शाह ने कहा कि अगर इंडी अलायंस की सरकार आएगी तो ये लोग प्रधानमंत्री पद को बांट लेंगे। एक साल शरद पवार जी प्रधानमंत्री होंगे, एक साल लालू जी प्रधानमंत्री होंगे, एक साल ममता जी प्रधानमंत्री होंगी, एक साल स्टालिन जी प्रधानमंत्री होंगे।

और कुछ बचा कुचा होगा तो राहुल बाबा प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना–देना है। अरे खड़गे साहब, कश्मीर के लिए बिहार का बच्चा–बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है।

भाजपा नेता ने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व ही देश को कोरोना से बचा सकता है, आतंकवाद से बचा सकता है और कश्मीर में शासन और सुशासन स्थापित कर सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है और लालू जी भी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा वर्ग विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोदी में बैठे हैं। अभी जो मंडल कमीशन के कारण आरक्षण मिला, वो 1957 में मिल जाता, लेकिन कांग्रेस ने काका कालेलकर की रिपोर्ट को रोक कर रखा और मंडल कमीशन का विरोध किया।

# डीजीपी अरूण सारंगी ने ओड़िशा में चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की



नुआपाड़ा डीजीपी अरुण सारंगी ने आज नुआपाड़ा जिले के अपने दौरे के दौरान ओडिशा में आगामी चुनाव के मद्देनजर दक्षिण–पश्चिमी रेंज की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. सारंगी ने कथित तौर पर नुआपाड़ा और कालाहांडी के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) सहित संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। नुआपाड़ा पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में एडीजी (ऑपरेशन) एस. देव दत्त सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, विशेष खुफिया विंग (एसआईडब्ल्यू) कंवर विशाल सिंह, दक्षिण–पश्चिमी रेंज के उप महानिरीक्षक चरण सिंह मीना भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव कैसे शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से कराए जा सकें। उन्होंने कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि नुआपाड़ा के दो विधानसभा क्षेत्र और 2000 से अधिक मतदान केंद्रों वाले कालाहांडी के पांच विधानसभा क्षेत्र कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। चूंकि नुआपाड़ा और कालाहांडी दोनों छत्तीसगढ़ के पड़ोसी क्षेत्र हैं, इसलिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ समन्वय के साथ माओवादियों के आंदोलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। ओडिशा–छत्तीसगढ़ सीमा पर अर्धसैनिक बलों की कुल 10 कंपनियां तैनात की गई हैं. इसके अलावा इलाके में नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है जबकि सीमा पर कुल 13 चेक पोस्ट बनाए गए हैं. मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डीजीपी ने चुनाव को पारदर्शी, निर्बाध और निष्पक्ष तरीके से कराने का आश्वासन दिया.

# संबित पात्रा ने पुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र किया दाखिल



पुरी पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संबित पात्रा ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा न केवल पुरी लोकसभा सीट बल्कि सभी सात विधानसभा सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी।

संबित पात्रा ने कहा, श्मैंने पुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है . पिछले 5 सालों में मैं यहां रहा हूं और लोगों के लिए काम किया है. यह चुनाव पीएम मोदी की गारंटी के आधार पर लड़ा जाएगा. बीजेपी नहीं जीतेगीश्श केवल पुरी लोकसभा सीट बल्कि सभी सात विधानसभा सीटों पर बड़े अंतर के साथ 2019 में, मैंने सिर्फ 15 दिनों की तैयारी के बाद चुनाव लड़ा था और मैं केवल 11,000 वोटों से पीछे रह गया था। उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया तो लगभग 1 लाख लोग उनके समर्थन में मौजूद थे।ष्जब मैंने अपना नामांकन दाखिल किया तो इस बेहद गर्म मौसम में लगभग 1 लाख लोग मौजूद थे। इस बार बीजेपी ओडिशा में सरकार बनाएगी और श्400 पारश हासिल करेगी।

# शातिर वाहन चोर चढ़े दुर्ग पुलिस के हत्थे, चार आरोपी गिरफ्तार



दुर्ग : जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाएँ घटित हो रही थी जिसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) के द्वारा वाहन चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री सुखनंदन राठौर (रापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दुर्ग) श्री अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राईम) सुश्री ऋचा मिश्रा (रापुसे), उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम), हेम प्रकाश नायक (रापुसे) नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, श्री चिराग जैन (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, श्री सत्य प्रकाश तिवारी (रापुसे) के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक राजकुमार लहरे एवं थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थानों की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।

टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी।

इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति जो पूर्व में जिला रायपुर से वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार हुऐ है।

वह दोनों व्यक्ति वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में भिलाई नगर क्षेत्र में घुम रहे है गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर तत्परता से घेराबंदी कर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राहूल तांडी व भूषण बंजारी बताया तथा उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया कड़ाई से पूछताछ करने पर थाना भिलाई नगर क्षेत्र से 02 मोटर सायकल एवं 05 नग मोटर सायकल जिला रायपुर के अलग–अलग थाना क्षेत्र से कुल 07 नग मोटर सायकल चोरी करना बताने पर आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरी की मोटर सायकल बरामद कर जप्त किया गया अग्रिम कार्यवाही थाना भिलाई नगर से की जा रही है।

इसी तारतम्य में गठित दुर्ग टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति रामनगर उरला में चोरी की मोटर सायकल बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे है। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर तत्परता से घेराबंदी कर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया।

पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम सागर ढीमर व दानेश्वर साहू तथा उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया कड़ाई से पूछताछ करने पर 03 मोटर सायकल थाना दुर्ग क्षेत्र से, 01 एक्टिवा थाना मोहन नगर क्षेत्र से कुल 04 नग वाहन चोरी करने का अपराध स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरी की वाहन बरामद कर जप्त किया गया अग्रिम कार्यवाही थाना दुर्ग से की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में सउनि पूर्ण बहादूर, प्र.आर. विजय शुक्ला, आरक्षक जुगनु सिंह, संतोष गुप्ता, अनुप शर्मा, पन्ने लाल, उपेन्द्र यादव, शहबाज खान, शिव मिश्रा, विक्रांत यदु, थाना भिलाई नगर से प्र.आर. धनंजय वर्मा आर0 हेमन्द्र कुर्रे एवं थाना दुर्ग से सउनि पूरन दास, प्र.आर. योगेश चंद्राकर, आर. प्रशांत पाटनकर, उत्कर्ष सिंह, अलाउद्दीन, लव पाण्डेय की उल्लेखनीय भूमिका रही।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

COM/C/G/R/E-auction Dt. 26.04.2024

| क्र.सं. | संक्षिप्त विवरण | नीलामी तिथि | नीलामी समय | |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भिलाई नगर स्टेशन में दो पहिया पार्किंग हेतु निविदा। | 03.05.2024 | 15.00 | 15.30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर डाउनलोड किया गया है।
सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक
द.पू.म.रेलवे/ रायपुर
पीआर/आर/सी.डीसीएम/...../24

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-संबलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in, संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है। R-5205

NOTICE

Schedule of upcoming Investor Awareness Program(s) (IAP):

Axis Mutual Fund conducts various IAP with a view to educate and create awareness amongst the investors about the Mutual Funds.

In this regard, please see below details of upcoming of IAP:

| Date of Event | Mode of Participation (Physical / Online) | Time | Address / Link for joining webinar |
|---|---|---|---|
| 30-Apr-2024 | Physical | 5.00 PM | Dayanand Public School, Tapti Road, Sakchi, Jamshedpur, Jharkhand - 831 001. |

For any queries/ clarifications please contact : Rajdeep Dhanjal 95340 27776.

Date : April 29, 2024

Statutory Details: Axis Mutual Fund has been established as a Trust under the Indian Trusts Act, 1882, sponsored by Axis Bank Ltd. (liability restricted to ₹ 1 Lakh). Trustee: Axis Mutual Fund Trustee Limited Investment Manager: Axis Asset Management Company Limited (the AMC) Risk Factor: The Sponsor is not liable or responsible for any loss or shortfall resulting from the operation of the schemes.

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

AXIS MUTUAL FUND

One Lodha Place, 22nd & 23rd Floor, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra, Pin Code - 400 013, India.
TEL : (022) 6649 6100, EMAIL : customerservice@axismf.com, WEBSITE : www.axismf.com.

उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-७६९००४ से मुद्रित व प्रकाशित.

प्रधान संपादक
श्रीमती रीता मिश्र

सम्पादक
डॉ. पीतवास मिश्र

संयुक्त सम्पादक
डॉ. सुशील दाहिमा

प्रबंध सम्पादक
मनस्विनी मिश्र

संपादकीय कार्यालय
ए/८, कामर्शियल इस्टेट, राउरकेला - ७६९००४, ओड़िशा
फोन : २४०१९४१ (कार्यालय)
फैक्स : (०६६१) २४०१३३२
E-mail
utkalmailnews@gmail.com